कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि.
E.S.I.C.

सत्यमेव जयते

मुख्यालय/HEADQUARTER
पंचदीपभवन,सी.आई.जी.मार्ग,नई दिल्ली-110002
PanchdeepBhawan, CIG Marg,New Delhi- 110002
Phone: 011-23215489, VOIP: 10011074
Email: pranava.kumar@esic.nic.in
Website: www.esic.nic.in / www.esic.in

सं. ई-13/14/19/2021-ज.सं. दिनांक: 24.12.2021

प्रेस विज्ञप्ति

1. **ईएसआईसी अस्पताल, शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश का भूमिपूजन, श्री भूपेन्द्र यादव, माननीय श्रम एवं रोजगार एवं पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री, भारत सरकार द्वारा संपन्न।**

2. **ईएसआइसी कोविड-19 राहत योजना/ अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना के अंतर्गत अनुमोदन पत्रों का वितरण।**

3. **उत्तर प्रदेश सरकार में पंजीकृत विभिन्न कल्याण योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति लाभ पत्र और साईकिल का वितरण।**

ईएसआईसी अस्पताल, शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश का भूमिपूजन, श्री भूपेन्द्र यादव, माननीय श्रम एवं रोजगार एवं पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री, भारत सरकार द्वारा दिनांक 24.12.2021 को संपन्न हुआ। 30 बिस्तरों वाले इस अस्पताल के निर्माण के लिए 5 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया है । भविष्य में, ईएसआईसी अस्पताल, शाहजहांपुर को 100 बिस्तरों तक बढ़ाया जा सकेगा। इससे शाहजहांपुर एवं अन्य पड़ोसी जिले जैसे **लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, हरदोई, फर्रुखाबाद एवं बदायूं** के लगभग 2 लाख लाभार्थी लाभान्वित होंगे। यह अस्पताल ईएसआई लाभार्थियों को नि:शुल्क उपचार और दवाएं उपलब्ध कराएगा और इसमें आईसीयू, ओपीडी, डायग्नोस्टिक सेंटर और फार्मेसी सुविधायें उपलब्ध होंगी ।

इस अवसर पर, माननीय केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री द्वारा **ईएसाइसी कोविड-19 राहत योजना (CRS) एवं अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना (ABVKY) के अंतर्गत लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र** भी प्रदान किया गया ।

श्री भूपेन्द्र यादव, माननीय केन्द्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि देश में कुल मिलाकर 400 से ज्यादा छोटे-बड़े विभिन्न प्रकार के व्यवसायों की पहचान की गयी है, जिसमें 90% से अधिक असंगठित क्षेत्र

के कामगार लोगों को नये श्रम क़ानून, **सोशल सिक्यूरिटी कोड** के अंतर्गत लाया जायेगा । उन्होंने आगे अवगत कराया कि ई–श्रम पोर्टल पर पिछले 4 महीनों में लगभग 13 करोड़ असंगठित कामगार लोगों का पंजीकरण कराया जा चुका है जिसके अंतर्गत 2 लाख रुपये का बीमा भी प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने यह भी सूचना दी कि **दो ईएसआइसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल बिहटा, पटना (बिहार) एवं अलवर, राजस्थान** को इसी सत्र में आरम्भ किया जाना है।उन्होंने आगे बताया कि **मजदूरों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए, ईएसाइसी के 5 अस्पतालों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में मजदूरों के लिए वर्ष में एक बार Annual Health Check-up** की योजना चलाई जा रही है जिसके सफल होने पर इस योजना को भविष्य में सम्पूर्ण देश में लागू कर दिया जायेगा।

उत्तर प्रदेश सरकार में पंजीकृत विभिन्न कल्याण योजनाओं के लाभार्थियों को लाभ, स्वीकृति लाभ पत्रों और साईकिलों का वितरण

इस अवसर पर **श्री सुरेश कुमार खन्ना, माननीय वित्त, संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार एवं श्री स्वामी प्रसाद मौर्या, माननीय श्रम, रोज़गार एवं समन्वय मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार एवं श्री अरुण कुमार सागर, सांसद, शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश** उपस्थित रहे और सभा को संबोधित किया. साथ ही, उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याण योजनाओं, **पुत्री विवाह सहायता योजना, मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना, बालिका मदद योजना, मृत्यु एवं विकलांगता, अक्षमता पेंशन सहायता योजना, निर्माण कामगार अंतेष्टि सहायता योजना एवं संत रविदास शिक्षा सहायता योजना** में शामिल लाभार्थियों को स्वीकृति लाभ पत्र का वितरण किया गया। उपरोक्त योजनाओ के माध्यम से इसमे लगभग 2 करोड़ 91 लाख धनराशि का लाभ पहुंचाया गया एवं 421 लोगो को साइकिलों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर, **श्रीमती ममता यादव, अध्यक्ष, जिला पंचायत, शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश, श्री सत्यदेव, ग्राम प्रधान, पैना बुजुर्ग,शाहजहांपुर, श्री सुरेन्द्र बाल्मीकि, अध्यक्ष, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग, उत्तर प्रदेश, श्री मिथिलेश कुमार, उपाध्यक्ष, राज्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग, उत्तर**

प्रदेश एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए। **श्री मुखमीत एस. भाटिया, महानिदेशक, ईएसआईसी** ने कार्यक्रम में सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया।

****